दिन–बुधवार दिनांक– 08 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– इंडिया गठबंधन सिर्फ दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वर्ष जून महीने तक प्रदेश की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया।

03. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया।

04. और, बर्फीली हवा तथा घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित। नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार चौथे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था। आज बक्सर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि गठबंधन का एक मात्र उद्देश्य भाजपा को हराना था और यह गठबंधन उसी लक्ष्य तक सीमित है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव पर उनकी पार्टी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है।

———बाईट———

———————————————————————

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की पहली बैठक आज नई दिल्ली में हुई। बैठक के दौरान विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के प्रतिनिधियों ने सदस्यों को प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। संवाददाताओं से बातचीत में समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों के विचार जानेगी और उसके बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी।

———बाईट———

उनतालीस सदस्यीय समिति में सत्ताईस सदस्य लोकसभा से और बारह राज्यसभा से हैं। यह समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि इस वर्ष जून महीने तक प्रदेश की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। आज प्रगति यात्रा के दौरान छपरा में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्री कुमार ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बनने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने छपरा में आयोजित कार्यक्रम में नौ सौ पचासी करोड़ रूपये की बावन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने छपरा में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का भी उद्घाटन किया। छह सौ पचपन करोड़ रूपये की लागत से निर्मित इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पांच सौ बेड की क्षमता है।

———————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस में देशभर में सड़क हादसों में एक लाख अस्सी हजार लोगों की मौत हुई। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि छियासठ प्रतिशत मौतें अठारह से चौंतीस आयु वर्ग के लोगों की हुई है।

———बाईट———

सबसे पहले प्रायोरेटी रोड सेफ्टी के लिए थी और रोड सेफ्टी में 2024 का जो ये आ रहा है उसमें एक लाख 80 हजार मौते हुई हैं। तीस हजार लोगों की मौते जो हैं वो हेलमेट न पहनने के कारण हुई हैं। हमारे स्कूल और कॉलेज के सामने एगजिस्ट एंट्री प्वाइंट में उसकी ठीक व्यवस्था न होने के कारण दस हजार बच्चों की मौते हुई हैं। हमारे स्कूल के लिए जो ऑटो रिक्शा है और जो मिनी बस है उसके बारे में भी हमने नियम बनाया है ताकि इसके बड़े प्रमाण प्रमोटिव हुए है।

———————————————————————

श्री गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी।

———बाईट———

जब एक्सीडेंट होता है तो हमने एक नई स्कीम शुरू की है। कैशलैस ट्रीटमेंट और एक्सीडेंट होने के बाद तुरंत 24 घंटे के अंदर जैसे पुलिस में इनफॉरमेशन जाएगी तो डॉक्टर जो होगा उसको वो जो पेशेंट एडमिट होगा उसको सात दिन तक ट्रीटमेंट का खर्चा या मैग्जीमम अप टू डेढ़ लाख रुपये हम तुरंत देंगे उसकी ट्रीटमेंट के लिए बाद में हिट और रन विक्टिम जो है उसमें में भी मृत्यु होती है तो हम दो लाख रुपये देंगे।

————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजिम ने पटना उच्च्य न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के. विनोद चन्द्रन को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पांच जजों की कॉलेजियम ने उनके नाम की सिफारिश की। केन्द्र से मंजूरी मिलने के बाद न्यायमूर्ति के. विनोद चन्द्रन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बन जायेंगे।

————————————————————————

राजधानी पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी संक्रमण के इलाज की व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर अलका सिंह ने बताया कि डॉक्टर संजीव कुमार को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में एचएमपीवी वायरस के लक्षण वाले मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं।

———बाईट———

————————————————————————

देश में एचएमपीवी वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सकों ने बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। जाने–माने चिकित्सक और

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गोपीचंद खिलनानी ने वायरस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

———बाईट———

————————————————————————————

और अब बात प्रयागराज महाकुंभ की—

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तेरह जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। महाकुंभ छब्बीस फरवरी, महाशिवरात्रि को संपन्न होगा। महाकुंभ में पौष पूर्णमासी, मकरसंक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि को कुल छह शाही स्नान होंगे। इस दौरान विश्व भर से चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज में जुटने की संभावना है। इस बीच, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया।

———बाईट———

समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पॉलीवाल गौड उपस्थित थी।

————————————————————————————

बर्फीली पछुआ हवा और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, सुपौल और दरभंगा जिले में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, और गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार चौथे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

————————————————————————

ठंड के कारण किशनगंज, जहानाबाद और सुपौल जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक वर्ग संचालन पर ग्यारह जनवरी तक रोक लगा दी है। इस अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी बंद रहेगा।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक समिति की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर छात्रों को उपलब्ध करायेंगे। यह प्रवेश पत्र प्रायोगिक और सैद्धांतिक दोनों परीक्षाओं के लिए मान्य होगा। मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षा इक्कीस से तेईस जनवरी तक जबकि सैद्धांतिक परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी तक होगी। इसबार परीक्षा में सोलह लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। छात्र आयोग की वेबसाईट से तेरह दिसंबर और चार जनवरी को हुई परीक्षाओं की उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते है।

————————————————————————

पटना हवाई अड्डे से पन्द्रह जनवरी से गुवाहाटी और भुवनेश्वर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू होगी। पटना हवाई अड्डा प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार हैदराबाद और बेंगलुरू के लिए भी दो–दो फ्लाईट पन्द्रह जनवरी से शुरू होगी।

नालंदा जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र में आज शाम एक ट्रक के सीएनजी चालित ऑटो रिक्शा से टकरा जाने से चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि ट्रक से टक्कर के बाद ऑटो रिक्शा के सीएनजी टैंक मे विस्फोट हो गया और आग लग गयी। इस घटना में ऑटो रिक्शा में बैठे लोग चपेट में आ गये। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

---

बेगूसराय जिले के नावकोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत पहसार स्थित एक ईंट चिमनी भट्ठा पर अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की। इस घटना में झारखंड के गुमला निवासी एक मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं, अपराधियों ने कई मजदूरों के साथ मारपीट भी की।

---

समस्तीपुर के मोहनपुर रोड स्थित एक आभूषण दुकान से पिछले दिनों दस करोड़ रूपये के सोना लूटकांड मामले में पुलिस ने बारह अपराधियों पर पचास हजार रूपये से लेकर दो लाख रूपये तक का इनाम घोषित किया है।

---

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के कर्पूरी मार्केट से पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

---

01. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– इंडिया गठबंधन सिर्फ दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वर्ष जून महीने तक प्रदेश की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया।
03. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया।
04. और, बर्फीली हवा तथा घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित। नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार चौथे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

---

समाप्त